



# मलबे में दबे दो मजदूरों का रेस्क्यू, इलाज जारी

- मकान के डिस्मेंटल के दौरान दो मजदूर दबे
- पुलिस और लोगों की मदद से सुरक्षित निकाले दोनों सगे भाई





**नव भारत न्यूज**

इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र के भवानी नगर में एक मकान के डिस्मेंटल कार्य के दौरान छत और पिलर गिरने से दो मजदूर मलबे में दब गए. सूचना मिलते ही बाणगंगा पुलिस और स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर दोनों मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया. दोनों मजदूर सगे भाई बताए जा रहे हैं. एसीपी रुबिना मिजवानी ने बताया कि भवानी नगर में रहने वाले मकान मालिक मनीष जैन का मकान सड़क से नीचा हो जाने के कारण उसे डिस्मेंटल किया जा रहा था. इसके लिए क्षेत्र के ही निवासी सुरेंद्र सिसोदिया को ठेका दिया गया था. सोमवार शाम मजदूर मकान के हिस्से को तोड़ने का काम कर रहे थे, तभी अचानक छत और पिलर का हिस्सा गिर गया और दो मजदूर मलबे में दब गए. हादसे में 25 वर्षीय सतीश ठाकरे और 22 वर्षीय सोनू ठाकरे मलबे में फंस गए. दोनों सगे भाई देवास जिले के फतेहगढ़ क्षेत्र के पिपलिया गांव के निवासी हैं और मजदूरी का काम करते हैं. घटना की जानकारी मिलते ही बाणगंगा पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने स्थानीय रहवासियों की मदद से तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाकर दोनों मजदूरों को मलबे से बाहर निकाला और इलाज के लिए अरविंदो अस्पताल भिजवाया. एसीपी का कहना है कि दोनों मजदूरों को हल्की चोटें आई हैं और उनका उपचार जारी है. फिलहाल दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है.



# नशे की लत के लिए करते थे चोरी

- चोरी की स्कूटी और पीतल का घंटा बरामद

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. सिमरोल थाना क्षेत्र में मंदिरों में चोरी की वारदात करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी पहचान छुपाने के लिए चेहरे पर मास्क बांधकर चोरी की स्कूटी से वारदात करते थे. पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी का पीतल का घंटा और वारदात में प्रयोग स्कूटी जब्त की है.**

सिमरोल थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम चोरल स्थित परमहंस आश्रम के शिव मंदिर से गुरुवार 12 फरवरी की रात अज्ञात चोरों ने मंदिर का दरवाजा खोलकर पीतल का घंटा चोरी कर लिया था. इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था. इसके बाद 4 मार्च को ग्राम मेंमदी के हनुमान मंदिर से पीतल का घंटा और तांबे का लोटा तथा ग्राम दतोदा के गणेश मंदिर से पीतल का एक घंटा और एक घंटी चोरी होने की घटना सामने आई, जिस पर अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई. वरिष्ठ आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित की गई.

जांच के दौरान पुलिस ने कई स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले. फुटेज में आरोपी बिना नंबर की स्कूटी से आते और चेहरे को मफलर व मास्क से ढंककर वारदात करते दिखाई दिए. पुलिस ने संदिग्धों की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों में भी फुटेज दिखाए. इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तलाइनाका तिराहा पर घेराबंदी कर महू की ओर से आ रही सफेद एक्टिवा स्कूटी को रोका. स्कूटी पर सवार दो युवकों की तलाशी लेने पर उनके पास से करीब 24-25 किलो वजनी पीतल का मंदिर का घंटा मिला.

### अन्य मंदिरों में चोरी करना कबूला

पूछताछ में आरोपियों ने परमहंस आश्रम चोरल के शिव मंदिर से घंटा चोरी करना स्वीकार किया. इस पर पुलिस ने आरोपी राहुल मावी उम्र 30 निवासी ग्राम गुंजारा थाना सिमरोल और राज चौहान उम्र 21 साल निवासी ग्राम कोदरिया थाना महू को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में आरोपियों ने मेंमदी के हनुमान मंदिर और दतोदा के गणेश मंदिर में भी चोरी करना कबूल किया है. वारदात में उपयोग की गई स्कूटी उनके एक साथी द्वारा थाना किशनगंज क्षेत्र से चोरी की गई थी. पुलिस आरोपियों से अन्य मंदिरों में हुई चोरी की घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ कर रही है, मंगलवार को न्यायालय महू से आरोपियों का पुलिस रिमांड लेकर आगे की पूछताछ के साथ ही चोरी गए अन्य सामान की बरामदगी की जाएगी.

## एक नजर में

### अग्रणी महिलाओं का किया सम्मान



महू. महिला दिवस पर ग्राम कोदरिया स्थित श्री एकेडमी विद्यालय में रोटरी क्लब महू कैंट द्वारा महू की प्रख्यात महिलाओं को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में महू की महिला फिल्म डायरेक्टर निहारिका फ्रैंकलिन द्वारा बनाई गई फिल्म अभया को लांच किया गया, साथ ही फिल्म के सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया. मुख्य अतिथि एडवोकेट गीता लखवानी, विशेष अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष सरदार मालवीय, इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष डॉ. रिचा ठक्कर, श्री अकैडमी की प्राचार्या डॉ. हेमलता पाटीदार, फिल्म डायरेक्टर एवं कवियित्री निहारिका फ्रैंकलिन, ग्राम कोदरिया के सरपंच सतीश डावर, पत्रकार रामलाल प्रजापत उपस्थित थे. इस अवसर पर रोटरी क्लब परिवार की ओर से फिल्म डायरेक्टर निहारिका फ्रैंकलिन, एडवोकेट गीता लखवानी, श्री एकेडमी की प्राचार्य डॉ. हेमलता पाटीदार के अलावा 7 अन्य महिला साथियों को सम्मानित किया गया. सभी का सम्मान रोटरी क्लब के मुकेश शर्मा, सरदार मालवीय, पूनम अग्रवाल, अध्यक्ष राजेश पाटीदार ने किया. संचालन श्री एकेडमी के डायरेक्टर और रोटरी क्लब महू कैंट के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश पाटीदार ने किया. आभार प्राचार्य डॉ. हेमलता पाटीदार ने माना.

### काइनेटिक होंडा पीथमपुर का वार्षिक मिलन समारोह




महू. 7 मार्च 2026 को होटल अमर विलास इंदौर में आयोजित किया गया जिसमें अन्य प्रदेशों से भी लगभग 50 पूर्व अधिकारी एकत्रित हुए जिसमें श्री डी.सी.गुप्ता, श्री अरूण मोगरे, श्री मुकेश तिवारी, श्री डी.के. श्रीवास, श्री विजय पाण्डे, श्री अशोक परदेशी, श्री कुलदीप श्रीवास्तव, पूना से श्री किरण साह, श्री देउस्कर, श्री वाघ, दिल्ली से श्री राकेश कपूर आदि उपस्थित हुए सभी ने अपनी पुरानी यादों को संगीतमय शाम के साथ ताजा कर यादगार बना दिया।

### रंग पंचमी पर निकली मैन स्ट्रीट की 40 वर्षों पुरानी सूखी गेर



महू. रंगों के त्योहार होली पर्व पर रंगपंचमी को मैन स्ट्रीट की ऐतिहासिक गेर निकाली गई. इसमें शामिल बच्चे, युवा और बुजुर्गों ने जहां जमकर सूखी होली खेली और धमाल मचाया. वहीं गैर में उत्साह का वातावरण नजर आया। रविवार को मैन स्ट्रीट, कनॉट रोड व्यापारी एवं रहवासी संघ द्वारा आयोजित यह गैर पिछले लगभग 40 वर्षों से शहर की शान और परंपरा का प्रतीक बनी हुई है. सुबह 11 बजे मैन स्ट्रीट स्थित कनॉट रोड चौराहे से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः वहीं समाप्त हुई. संघ के योगेश मूंदड़ा, आशीष पलसानी, अंकुश चिड़वाल, मोनू बेदी एवं विकास अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष भी बैलगाड़ी में बैठे नन्हे-मुन्ने बच्चे, फूल-गुलाल और ढोलक की थाप इस गैर का मुख्य आकर्षण रहे. आधुनिकता के इस दौर में भी यह गैर सनातन परंपरा और सादगी के साथ आयोजित की गई.

### श्रीमती चंद्रकला यादव का निधन



महू. साजन नगर निवासी नारायण यादव की धर्मपत्नी एवं बाबूलाल यादव की बहू श्रीमती चंद्रकला यादव का 76 वर्ष की उम्र में निधन हो गया. श्रीमती यादव नितिन यादव, अमोद यादव की मां, संजय यादव, संतोष यादव की काकी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य, कांग्रेस सेवादल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव एवं इन्दौर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष यादव की मौसी थी. श्रीमती यादव के निधन पर पूर्व पार्षद छोटे यादव एवं प्रदेश कांग्रेस व्यापारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अरविंद बागड़ी ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है.

# आवारा कुत्तों ने राष्ट्रीय पक्षी मोर पर किया हमला



**इंदौर.** भागीरथपुरा क्षेत्र स्थित राधा की बगीची में आवारा कुत्तों ने राष्ट्रीय पक्षी मोर पर हमला कर दिया. मौके पर मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप कर मोर को कुत्तों से छुड़ाया और उपचार के लिए चिड़ियाघर भिजवाया.

घटना भागीरथपुरा क्षेत्र की राधा की बगीची की बताई जा रही है. यहां एक मोर पर अचानक कुछ आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया. आसपास मौजूद लोगों ने कुत्तों को भगाकर मोर को बचाया. स्थानीय निवासी सुरेश पाराशर, बबलू जादौन और रविन्द्र ने घायल मोर को सुरक्षित बाहर निकालकर चिड़ियाघर पहुंचाया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है. बताया जा रहा है कि समय पर मदद मिलने से मोर की जान बच गई. फिलहाल चिड़ियाघर में उसका उपचार जारी है.

# नेमावर रोड ब्रिज पर लोडिंग वाहन चालक ने फांसी लगाई

**इंदौर.** खुड़ैल थाना क्षेत्र में नेमावर रोड ब्रिज पर एक लोडिंग वाहन चालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. युवक भोपाल से माल लेकर गुजरात जा रहा था. रास्ते में उसने वाहन रोककर ब्रिज पर फंदा लगाकर जान दे दी. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान दीपक पिता विजय मालवीय उम्र 26 साल निवासी निशातपुरा, भोपाल के रूप में हुई है. दीपक पेशे से चालक था और अपने लोडिंग वाहन में माल भरकर भोपाल से गुजरात की ओर जा रहा था. बताया गया है कि देर रात करीब 1 बजे देवगुराड़िया के पास नेमावर रोड ब्रिज पर उसने अचानक अपना वाहन रोक दिया. इसके बाद वाहन में बंधी रस्सी से ब्रिज की रेलिंग के सहारे फंदा बनाकर फांसी लगा ली. रात में वहां से गुजर रहे राहगीरों ने युवक को फंदे पर लटका देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी.

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. पुलिस ने लोडिंग वाहन को जब्त कर थाने में खड़ा करवा दिया है. मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है. मृतक के परिजनों को भोपाल में सूचना दे दी गई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# खड़ी बस में लगी आग, दमकल ने पाया काबू

- पिपल्याहाना स्थित ट्रैवल्स मैदान में हुई घटना






**इंदौर.** तिलक नगर थाना क्षेत्र के पिपल्याहाना इलाके में सोमवार शाम एक निजी ट्रैवल्स की खड़ी बस में अचानक आग लग गई. सूचना मिलते ही दमकल और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, हालांकि बस को नुकसान पहुंचा है.

घटना पिपल्याहाना स्थित बाबा ट्रैवल्स के मैदान की है, जहां खड़ी एक बस में अचानक आग भड़क उठी. आग की सूचना मिलते ही तिलक नगर थाना पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई. तिलक नगर थाना प्रभारी मनीष लोधा ने बताया कि आग बुझाने के लिए दो दमकल वाहन मौके पर पहुंच गए थे. दमकल कर्मियों ने करीब दो टैंकर पानी डालकर आग पर नियंत्रण पाया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया. फिलहाल पुलिस और दमकल विभाग आग लगने के कारणों की जांच में जुटा है. वहीं, फायर ब्रिग्रेड के एसआई सुशील तिवारी ने बताया कि आग बुझाने की कार्रवाई के दौरान करीब 42 हजार लीटर पानी का उपयोग किया गया. प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट-सर्किट माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है.

# इंदौर में शराब दुकानों की नीलामी ने तोड़े रिकॉर्ड

- 113 दुकानों से सरकार को 1613 करोड़ रुपए मिले
- पिछले साल से 404 करोड़ रुपए ज्यादा में नीलाम हुईं दुकानें

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शराब दुकानों की नीलामी ने इस बार नया रिकॉर्ड बना दिया है. आबकारी विभाग द्वारा अब तक 173 में से 113 दुकानों की नीलामी पूरी की जा चुकी है, जिनसे सरकार को 1613 करोड़ रुपए की राशि मिली है. यह राशि पिछले साल की तुलना में 404 करोड़ रुपए अधिक है. इस वर्ष सरकार द्वारा तय की गई 1451 करोड़ रुपए की कीमत से भी 161 करोड़ रुपए ज्यादा है.**

### दूसरे चरण में होगी 60 दुकानों की नीलामी

आबकारी विभाग के डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल ने बताया कि पहले चरण में 22 समूहों की 60 दुकानों के लिए टेंडर प्राप्त नहीं हुए थे. इन दुकानों को अब दूसरे चरण में नीलाम किया जाएगा. इनकी कुल आरक्षित कीमत करीब 650 करोड़ रुपए तय की गई है. विभाग को उम्मीद है कि पहले चरण की तरह दूसरे चरण में भी इन दुकानों के लिए तय कीमत से अधिक बोली मिलने की संभावना है.

आबकारी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, वर्ष 2026-27 की नई आबकारी नीति के तहत प्रदेशभर में शराब दुकानों की कीमतों में लगभग 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है. इसी के तहत इंदौर जिले की 173 दुकानों को 56 समूहों में बांटकर तीन चरणों में नीलामी की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसकी शुरुआत 2 मार्च से हुई थी. सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी ने बताया कि अब तक 113 दुकानों के लिए टेंडर प्राप्त हुए हैं, जिन पर 1613 करोड़ रुपए की बोली लगी है. पिछले वर्ष इन्हीं दुकानों की नीलामी से सरकार को करीब 1209 करोड़ रुपए मिले थे, जबकि इस बार बोली में 404 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई है.

# चोरी के आरोप से दुखी गार्ड ने फांसी लगाकर दी जान

**इंदौर.** लसुड़िया थाना क्षेत्र के लोहा मंडी इलाके में एक निजी कंपनी के सुरक्षा गार्ड ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक पर कंपनी से सामान चोरी करने का आरोप लगाया गया था. उसे पुलिस पूछताछ के लिए बुलाया गया था. घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार, घटना एबीएस ऑटो कंपनी परिसर की है. मृतक की पहचान अरुण के रूप में हुई है, जो कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर तैनात था. साथी कर्मचारी शैलेंद्र के मुताबिक, हाल ही में कंपनी से कुछ कीमती सामान चोरी हुआ था, जिसके संदेह में अरुण से पूछताछ की जा रही थी. बताया गया है कि कंपनी प्रबंधन ने इस मामले की सूचना लसुड़िया पुलिस को दी थी और अरुण के परिजनों को भी बुलाया था. प्रारंभिक बातचीत के बाद पुलिस ने परिजनों से कहा था कि वे अगली सुबह अरुण को थाने लेकर आएं, ताकि मामले में पूछताछ की जा सके. इसी बीच मानसिक तनाव के चलते अरुण ने रात में कंपनी परिसर के भीतर ही फांसी लगा ली. घटना का पता उस समय चला, जब सुबह ड्यूटी पर पहुंचे दूसरे गार्ड ने उसे फंदे पर लटका देखा और पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया. पुलिस मामले की जांच कर रही है कि युवक ने चोरी के आरोपों के कारण यह कदम उठाया या इसके पीछे अन्य कोई वजह है.

### ट्रक की चपेट में आने से 8 वर्षीय मासूम की मौत

इंदौर. लसुड़िया थाना क्षेत्र के निरंजनपुर में सड़क हादसे में 8 वर्षीय बालक की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई. झ पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान कार्तिक पिता बनवारी भांड उम्र 8 साल निवासी ग्राम जगपुरा, जिला झालावाड़ (राजस्थान) के रूप में हुई है. बताया गया है कि बालक अपने परिवार के साथ इंदौर आया हुआ था. इसी दौरान निरंजनपुर क्षेत्र में एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने उसे टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि बालक ट्रक के पहिए की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई.

**एक नजर में** उपभोक्ता बोले... सरकार कह रही देश में गैस की कोई कमी नहीं, तो फिर दाम क्यों बढ़ाए?

# घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने को लेकर खड़े हो रहे सवाल

**इंदौर. जब देश में गैस की कोई कमी नहीं है, तो फिर घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 60 रुपए की बढ़ोतरी क्यों? यही सवाल इन दिनों आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है. दरअसल, खाड़ी देश में चल रहे युद्ध के कारण दो दिन पूर्व घरेलू गैस के दाम में 60 रुपए की वृद्धि कर दी गई.**




आम जनता को इस महंगाई के पीछे युद्ध कारण दिखाई दिया. वहीं, गैस एजेंसियों की ओर से उपभोक्ताओं को भेजे जा रहे संदेश में साफ कहा जा रहा है कि देश में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता है और सोशल मीडिया पर फैल रही किल्लत की खबरें भ्रामक हैं. ऐसे में लोगों के मन में यह सवाल उठना लाजिमी है कि जब गैस की कमी नहीं है तो फिर कीमतों में बढ़ोतरी किस वजह से की जा रही है. घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने का सबसे ज्यादा असर मध्यम और निम्न वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है. पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता के लिए रसोई का खर्च संभालना दिन-ब-दिन मुश्किल होता जा रहा है. सब्जियां, राशन और अन्य जरूरी सामान पहले ही महंगे हो चुके हैं, ऐसे में गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ने से घर का पूरा बजट गड़बड़ा जाता है.

### यह बोले उपभोक्ता...



आमदनी की जगह महंगाई बढ़ रही है. ऐसे में गैस सिलेंडर की कीमतों में बार-बार बढ़ोतरी आम परिवारों के लिए बड़ी चिंता का कारण बनती जा रही है.
– पुष्पा भाटिया, सदस्य, जागरूक उपभोक्ता समिति



सरकार एक तरफ महंगाई से राहत देने की बात करती है, लेकिन दूसरी तरफ रोजमर्रा की जरूरी चीजों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, यह सरकार की दोहरी नीति बंद होना चाहिए.
– गोपाल बोरासी, समाजसेवी



अगर इसी तरह कीमतों में बढ़ोतरी होती रही तो आने वाले समय में गरीब और मध्यम वर्ग के लिए घर का बजट संभालना और भी मुश्किल हो जाएगा. सरकार मंहगाई कम नहीं कर सकती तो कम से कम बढ़ाए तो नहीं.
– हनीफ पठान, समाजसेवी